Title: Need to accord clearance to the proposal for reopening of KRIBHCO fertilizer unit at Gorakhpur, Uttar Pradesh - Laid.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर): महोदय, भारतीय उर्वरक निगम लि0 की गोरखपुर स्थित इकाई 10 जून, 1990 को एक साधारण दुर्घटना के कारण बंद कर दी गयी थी। देश के दो पूर्व प्रधान मंत्री तथा वर्तमान प्रधानमंत्री ने भी गोरखपुर जाकर वहां की जनता को बंद पड़े उर्वरक संयंत्र को चलाने अथवा नया संयंत्र लगाने का आश्वासन दिया था, परंतु माननीय प्रधान मंत्री की घोाणा के बाद भी बंद पड़े उक्त उर्वरक संयंत्र की जगह कृभको द्वारा नया संयंत्र लगाये जाने का मामला पिछले दो वर्ाो से विचाराधीन है। कृभको ने सर्वे आदि का कार्य पूरा करा कर लगभग रूपया 1500 करोड़ की धनराशि भी निर्धारित की है। पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने भी वर्ा 1999 में उक्त प्रोजेक्ट को अपनी मंजूरी दे दी है। कृभको प्रबंधन गोरखपुर में उर्वरक संयंत्र लगाने के लिये पूर्णतः सहमत है। अब मात्र मंत्रीमंडल की अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है।

अतः माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध करता हूं कि कृपया कृभको द्वारा गोरखपुर में लगाये जाने वाले उक्त उर्वरक संयंत्र को अंतिम मंजूरी दिलवाने का कट करें, जिससे व्यापक जनहित के मामले का समाधान हो सके।